मंगलवार
29 नवम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



रूद्र महायज्ञ... यज्ञ मंडप की परिक्रमा से मिलता है यज्ञ करने का लाभ : नारायणाचार्य 3



## सीएम नीतीश के राज में अधिकारियों का है जंगलराज : प्रशांत

पटना। चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने एक बार फिर बिहार की महागठबंधन सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि सीएम नीतीश कुमार बिना सुरक्षा के एक गांव भी पैदल पार नहीं कर सकते हैं। पूर्वी चंपारण के रामगढ़वा में उन्होंने कहा कि राज्य में अभी बिना भ्रष्टाचार के कोई काम नहीं होता है। आपने लालू यादव के अपराधियों वाले जंगलराज को उखाड़कर फेंक दिया था अब वहं जंगलराज पिछले दरवाजे से अंदर घुस रहा है, नीतीश के राज में अधिकारीयों का जंगलराज है अब इसे भी दूर करने की जरूरत है।

## बिहार के 13 कलाकारों को मिलेगा संगीत नाट्य अकादमी अवार्ड

पटना। संगीत नाट्य अकादमी अवार्ड के लिए बिहार के 13 लोग चयनित हुए हैं। इन कलाकारों को अगले माह राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के हाथों यह पुरस्कार नई दिल्ली में दिया जाएगा। चयनित कलाकारों में नाटककार और रंगकर्मी हृषीकेश सुलभ, ठुमरी गायिका कुमुद झा दीवान, लोकगायिका रंजना झा और मैथिली ठाकुर शामिल हैं। सुलभ को नाट्य लेखन, नीलेश्वर मिश्र को अभिनय, मिथिलेश राय को निर्देशन के लिए अकादमी अवार्ड मिलेगा। भरतनाट्यम की कलाकार सुदीपा घोष, लोकनृत्य के सुपरिचित नाम जितेन्द्र चौरसिया, अभिनेत्री रूबी खातून शामिल हैं। अभिनेता, निर्देशक गणेश सिन्हा, अभिनेता-निर्देशक सुमन कुमार, लोकगीतों के जाने-माने नाम भरत सिंह भारती और ध्रुपद गायक रघुवीर मलिक का चयन अमृत अवार्ड के लिए किया गया है।

### गंगाजल योजना: गया में गंगाजल शोधन और आपूर्ति केंद्र का सीएम ने किया उद्घाटन

# अब गंगा के पवित्र जल से बुझेगी गया और बोधगया के लाखों लोगों की प्यास

- गंगाजल की उपलब्धता के बाद लोगों की भू-जल पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी
- अगले वर्ष से नवादा में भी गंगाजल की आपूर्ति शुरू हो जाएगी

**केटी न्यूज/गया**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दृढ़ निश्चय और प्रयास से दो प्रमुख शहरों गया और बोधगया के लाखों लोगों की प्यास अब गंगा के पवित्र जल से बुझेगी। हिंदू और बौद्ध संप्रदाय के बड़े तीर्थों में शुमार इन शहरों में अब गंगा और फल्गु नदी का संगम हो गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और जल संसाधन मंत्री संजय झा की मौजूदगी में गया के मानपुर में गंगा जल शोधन और आपूर्ति केंद्र का सोमवार को उद्घाटन किया। इस मौके पर सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार ऐतिहासिक धरती है। बिहार के सबसे पुराने स्थलों में गया और राजगीर जैसे शहर शुमार हैं। कहा कि गंगा का जल हर घर, हर मंदिर, हर स्कूल, दफ्तर, होटल तक भी पहुंचेगा। अब पानी की कभी कोई समस्या नहीं होगी। अब हर आदमी के लिए रोज 135 लीटर जल मिलेगा। न सिर्फ पीने, बल्कि नहाने, खाना बनाने, घर धोने से लेकर पूजा के लिए भी नल से गंगा का जल मिलेगा। गंगाजल की उपलब्धता के बाद लोगों की भूगर्भीय जल पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी। भू-जल स्तर भी मेंटेन रहेगा। लोगों को गंगाजल की आपूर्ति की शुरूआत हो गई है। लोग जल का सदुपयोग करें, दुरुपयोग नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवादा में अगले साल से गंगाजल की आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

गंगाजल आपूर्ति योजना पर राज्य सरकार द्वारा 4,175 करोड़ रुपये व्यय किए गए हैं। इसके मेंटेनेंस की भी व्यवस्था करायी जा रही है। गया नगर निगम के 53 एवं बोधगया के 9 वार्डों में सभी जगह गंगाजल की आपूर्ति शुरू हो गई है। गयाजी में लाखों लोग पूर्वजों के पिंडदान के लिए आते हैं। इसके लिए विष्णुपद मंदिर के समीप फल्गू नदी में गयाजी डैम का निर्माण कराया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगाजल आपूर्ति योजना के बेहतर संचालन को लेकर जनप्रतिनिधि लगातार निगरानी करें। इसके मेंटेनेंस पर भी विशेष ध्यान रखना है। सरकार सभी के विकास के लिए कार्य कर रही है। कार्यक्रम में गायिका मैथिली ठाकुर ने 'बाढ़-सुखाड़ मिटाना है नया बिहार बनाना है, पर आधारित गीत की प्रस्तुति दी।





### सरकार का प्रयास है कि लोगों को बिहार ही नहीं बाहर भी मिले रोजगार

नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार सरकार युवाओं के लिए नौकरी उपलब्ध कराने पर काम कर रही है। सरकार प्रयास करेगी कि यहां के लोगों को बिहार के साथ ही बाहर भी खूब नौकरियां और रोजगार मिले। इसको लेकर सरकार लगातार काम कर रही है। राजनीति करने वाले करते रहें, हम काम में विश्वास रखते हैं। इस मौके पर जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संजय अग्रवाल ने योजना के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 500 किलोमीटर से अधिक लंबी पाइप लाइन बिछाने में काफी चुनौतियां आईं, लेकिन मुख्यमंत्री के निर्देशन में यह योजना पूरी हो गयी। मौके पर सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि आपस में झगड़ा मत कीजिए। सौहार्द्र बनाकर रखिए। कुछ लोग माहौल बिगाड़ने में जुटे रहते हैं, उनके चक्कर में मत पड़िए।

### तेजस्वी बोले... गर्मी के समय में लोगों को अब नहीं होगी पानी की किल्लत

मौके तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार सरकार नौकरी और रोजगार के मसले पर खूब काम कर रही है। रिक्त पदों को भरने के साथ ही नए पद भी सृजित किए जाएंगे। बिहार में खूब काम हो रहा है और कुछ लोग जंगल राज का राग अलाप रहे हैं। उन्होंने बोधगया के लोगों को कहा कि यह पर्यटन स्थल है। आप लोग यहां आने वाले लोगों का खूब स्वागत कीजिए, ताकि बोधगया का नाम दूर-दूर तक हो। तेजस्वी यादव ने कहा कि फल्गु नदी के माता सीता से शापित होने की बात कही जाती है। लेकिन, कोई भी शाप अधिक दिन तक प्रभावी नहीं रहता है। कोई आता है और शाप से मुक्त करता है। नीतीश कुमार ने फल्गु नदी के लिए यही काम किया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि हर घर गंगा जल की शुरूआत करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार धन्यवाद के पात्र हैं। दक्षिण बिहार गर्मी में पीने के पानी के लिए तरसता था। टैंकर से भी सभी को जरूरत भर पानी नहीं मिल पाता था। मुख्यमंत्री काम करने में विश्वास करते हैं। दिल्ली में बैठे लोगों की तरह केवल बोलते नहीं हैं।

## पप्पू यादव का हमला... बक्सर-आरा के अपराधी जेल से चला रहे हुकूमत



**जाप नेता की खरी-खरी...**
- सारे कुकर्म की जड़ राजनीति है
- नेता रातों-रात बन रहे हैं अरबपति, आम आदमी का राजनीति में कोई स्थान नहीं

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बिहार की सत्ता सिर्फ एक माह के लिए मिल गई तो राज्य में कानून का राज स्थापित कर दूंगा। अपराधी, भ्रष्टाचारी तथा बलात्कारी का नामोनिशान नहीं होगा। 2024 में देश की कमान कांग्रेस के हाथ में जाना जरूरी है। यह बातें जाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कही। वह सोमवार को डुमरांव के कुलहवा में राजद नेता अखिलेश यादव के चचेरे भाई स्वर्गीय राहुल यादव के मातमपूर्सी में पहुंचे थे। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले अपराधियों ने राहुल की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, सारे कुकर्म की जड़ राजनीति है। नेता रातों-रात अरबपति बन रहे हैं। आम आदमी का राजनीति में कोई स्थान नहीं है। बक्सर तथा आरा को अपराध का यूनिवर्सिटी बताते हुए उन्होंने कहा कि अपराधी जेल से हुकूमत चला रहे हैं।

**आज बिना पैसा दिए नहीं हो रहा कोई काम:** उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार गरीबी का सबसे बड़ा कारण है। बिना पैसा दिए कोई काम नहीं हो रहा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को शराबबंदी की जिद छोड़ने का सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में ऑफिसर नेता मंत्री और ऊंचे रसूख वाले लोग के लिए शराब हर समय उपलब्ध है। नरेंद्र मोदी और अरविंद केजरीवाल पर लोगों को बरगलाने का आरोप लगाते हुए पप्पू यादव ने कहा कि क्षेत्रीय पार्टियां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रधानमंत्री बनने की राह का रोड़ा हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर, ममता बनर्जी, बीजू पटनायक, मायावती सरीखे लोग नीतीश कुमार को भाव नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पैसे की बदौलत भारतीय जनता पार्टी चुनाव के मैदान में है। इस मौके पर जगदीशपुर के पूर्व विधायक भाई दिनेश जिला पार्षद परमानंद यादव के अलावे राजद के वरिष्ठ नेता अखिलेश यादव, मेहंदी हसन, जगनारायण यादव, लाटू यादव, राजद नगर अध्यक्ष मुन्ना खां पूर्व मुखिया प्रखंड राजद अध्यक्ष मनोज कुमार व अन्य उपस्थित थे।

## समस्तीपुर में बोलेरो ने 15 लोगों को कुचला, नौ गंभीर

### भुइयां बाबा की पूजा में शामिल होने जा रहे लोगों को वाहन ने रौंदा

- वैशाली में भी भुइयां बाबा की पूजा करते समय हुआ था हादसा

**एजेंसी/पटना**

वैशाली में कुछ दिन पहले अनियंत्रित ट्रक ने भुइंया बाबा की पूजा कर रहे लोगों को कुचल दिया था, इसमें आठ लोगों की मौत हो गई थी। इसी तरह की एक और घटना समस्तीपुर जिले में रविवार की देर रात हुई है। एक अनियंत्रित बोलेरो ने 15 से ज्यादा लोगों को कुचल दिया। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के समस्तीपुर-रोसड़ा मुख्य मार्ग पर जितवारपुर कन्हैया चौक के पास की है। हादसे के बाद आनन फानन में सभी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल नौ लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।



**50 लोगों के बीच घुसी बोलेरो:** बताया जाता है कि रविवार की रात 50 से ज्यादा की संख्या में लोग भुइयां बाबा की पूजा में शामिल होने कन्हैया चौक के पास स्थित ब्रह्म स्थान पर जा रहे थे। पीछे से तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर भीड़ के बीच घुस गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक लगभग 15 लोगों को बोलेरो ने कुचल दिया। घटना के बाद वहां पर मौजूद लोगों ने भाग रहे बोलेरो गाड़ी का पीछा करते हुए खदेड़ कर पकड़ लिया। चालक को बाहर निकालते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी।

वहां मौजूद कुछ लोग सभी घायलों को दूसरी गाड़ी की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए। इसके बाद वहां मौजूद चिकित्सकों ने गंभीर रूप से जख्मी नौ लोगों को रेफर कर दिया। घटना को लेकर इलाके में घंटो अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

## पटना में वार्ड सदस्य के बेटे की गोली मारकर हत्या

पटना। पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र के सुडीहा गांव में एक 20 वर्षीय युवक की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के सम्बन्ध में बताया जा रहा है कि युवक वीरेंद्र अपने पिता के साथ मोटरसाइकिल से अरवल की ओर जाने के लिए चला था। जैसे ही वह आगे बढ़ा। घात लगाए अपराधियों ने उसे गोली मार दी। इससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक वार्ड सदस्य किरण देवी का पुत्र बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि किरण देवी जब चुनाव लड़ी थी तो उसके विरुद्ध सुबोध पासवान ने अपना उम्मीदवार खड़ा किया था। इसमें किरण देवी की जीत हुई थी। तब से ही यह रंजिश चल रही थी।

संपर्क सूत्र
9122915443
9931711972
8936046900
डीजिटल संस्करण
केशव टाइम्स
आपकी आवाज
वेब पोर्टल : keshavtimes.com
अपने गांव
अपने शहर
की हर खबर
पढ़ें और पढ़ाएं
यूपी, बिहार व झारखंड की खबरों पर हमारी पैनी नजर
आपकी समस्याओं का होगा निदान
हमारे रिपोर्टर : गाजीपुर, मऊ, बलिया, वाराणसी, लखनऊ, बक्सर, रोहतास, भोजपुर, जहानाबाद, अरवल, पटना में
शहर से लेकर गांव तक की हर गतिविधियों पर है हमारे रिपोर्टरों की नजर, क्योंकि हम हैं आपके लिए 24 घंटे तत्पर
keshavtimes keshavtimes keshavtimes

### लोकसभा उपचुनाव: चुनावी सभा में गरजे उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ, सपा पर बोला हमला

# नेताजी के आशीर्वाद से मैनपुरी में कमल खिलेगा: योगी



**एजेंसी/मैनपुरी**

मैनपुरी में होनेवाले लोकसभा उपचुनाव को लेकर सोमवार को आयोजित सभा में उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मैनपुरी ऋषि-मुनियों की धरती रही है। इस धरती ने कई संत दिए। इस धरती ने बदलाव दिया। लेकिन, इस धरती को विकास से वंचित रखा गया। किसानों को उनके अधिकार से वंचित किया गया। आज यूपी में हर वर्ग का विकास हो रहा है। हमने 45 लाख आवास दिया। उन्होंने कहा कि अब मैनपुरी का भी विकास होगा। अखिलेश यादव के गढ़ करहल में उतरे सीएम योगी ने कहा कि आपके पास आप के विधायक नहीं आएंगे, लेकिन विधायक मित्र जरूर आएगा। सीएम योगी ने मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि देते हुए अपने भाषण की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि नेताजी के आशीर्वाद से आजमगढ़ में जीत मिली। रामपुर में हमारे उम्मीदवार जीते। अब उनके आशीर्वाद से मैनपुरी में भी कमल खिलेगा। हम बिना भेदभाव के विकास का कार्य करेंगे।

### समाजवादी पार्टी परिवारवादी पार्टी बन गई है, एक ही परिवार के लोगों का हुआ विकास

योगी ने शिवपाल यादव पर जोरदार हमला बोला। बिना शिवपाल का नाम लिए सीएम योगी ने कहा कि कुछ लोगों की स्थिति आजकल फुटबॉल जैसी हो गई है। कोई इधर से पैर मारता है तो कोई उधर से पैर मार रहा है। शिवपाल पर तंज कसते हुए कहा कि उनकी स्थिति पेंडुलम की तरह हो गई है, वे इधर-उधर डोल रहे हैं। समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए योगी ने कहा, समाजवादी पार्टी परिवारवादी पार्टी बन गई है। एक ही परिवार के लोगों का विकास हुआ। अन्य किसी का भी विकास नहीं किया गया। भाजपा अगर जीतती है तो विकास की धारा यहां भी बहेगी।

### अखिलेश का आरोप... मैनपुरी के अधिकारी ग्राम प्रधानों को वोट न डलवाने के लिए धमका रहे हैं

उत्तर प्रदेश के मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव से पहले समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने बीजेपी और मैनपुरी के जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अखिलेश ने एक निजी टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा है कि मैनपुरी के पुलिस अधिकारी और प्रशासनिक लोग स्थानीय ग्राम प्रधानों को वोट ना डलवाने के लिए धमका रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा है कि मैनपुरी के सीडीओ, थानेदार और अन्य अफसर फोन पर प्रधानों को धमकी दे रहे हैं। इसके अलावा दबाव बनाया जा रहा है कि समाजवादी पार्टी के इलाकों में वोट ना पड़ सके।

# जहानाबाद जिला उपभोक्ता फोरम में स्थायी अध्यक्ष की हुई नियुक्ति

**केटी न्यूज/जहानाबाद**




जिला विवाद प्रतितोष आयोग में प्रेम रंजन मिश्रा की स्थायी नियुक्ति अध्यक्ष के रूप में की गई है। बताते चलें कि जहानाबाद जिला उपभोक्ता फोरम में बीते कुछ माह से स्थायी अध्यक्ष नहीं थे और गया के अध्यक्ष कार्यभार में थे। जहानाबाद में स्थायी अध्यक्ष आ जाने से कार्यों में प्रगति होंगी। साथ ही केस का निष्पादन शीघ्र होगा। इस अवसर पर उपभोक्ता आयोग के सदस्य अरविंद कुमार सिंह एवं बिभा कुमारी सिन्हा, अधिवक्ता अनिल कुमार मिश्रा, श्याम बिहारी शर्मा, बिंदुभूषण प्रसाद, रितेश सिन्हा, दीपांकर रंजन, अमरेंद्र कुमार, नवनीत कुमार एवं कार्यालय कर्मी सैंपु कुमारी, दीपक कुमार, सुबोध कुमार, अजीत कुमार, अवधेश कुमार, राहुल कुमार, संजीव कुमार, अजय कुमार एवं मोहम्मद नईम द्वारा संयुक्त रुप से पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसी दौरान अध्यक्ष द्वारा अधिवक्ताओं के साथ फोरम का कार्य सुचारु एवं तीव्रगति से करने पर विचार-विमर्श किया। विदित हो की श्री मिश्रा वर्ष 2021 में जिला एवं सत्र न्यायाधीश गया से सेवानिवृत्त हुए थे।

# टीबी उन्मूलन के लिए सभी प्रखंडों के एक-एक गांव में किया जाएगा सर्वे

- टीबी बीमारी को जड़ से मिटाने के लिए गांवों में चलेगा खोजी अभियान
- सर्व प्रथम कोविड से संक्रमित हो चुके लोगों की होगी जांच

**केटी न्यूज/बक्सर**




जिले में टीबी उन्मूलन की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने युद्धस्तर पर काम करना शुरू कर दिया है। टीबी से मुक्ति के लिए पूर्व से चली आ रही योजनाओं के साथ विभाग ने अलग से भी कार्यक्रम व अभियानों का संचालन शुरू कर दिया है। इस क्रम में टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम चल ही रहा था कि अब भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने नया अभियान शुरू करने का निर्देश जारी किया है। जिसके तहत जिले के सभी प्रखंडों में एक-एक गांव का चयन कर वहां टीबी के लक्षणों वाले मरीजों के साथ साथ स्वस्थ लोगों की भी बलगम जांच की जाएगी। सर्वप्रथम बीते तीन वर्षों में कोविड से संक्रमित हो चुके लोगों में टीबी की जांच करेंगे। उसके बाद टीबी के लक्षणों वाले लोगों की जांच होगी। यदि इनमें से किसी की रिपोर्ट पॉजिटिव आती है, तो उसके संपर्क में रह चुके लोगों में टीबी की जांच की जाएगी। यह एक तरह से कोरोना जांच की तरह ही संचालित किया जाएगा। इस अभियान में चिह्नित गांव के एक-एक घर के सदस्यों की जांच की जानी है।

## 11 प्रखंडों में एक-एक गांव का हुआ है चयन

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह सीडीओ डॉ. अनिल भट्ट ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंडों में एक-एक गांव का चयन किया जा चुका है। जहां जल्द ही सर्वे के साथ-साथ जांच अभियान शुरू किया जाएगा। चिह्नित गांवों में सिमरी प्रखंड का दुल्लीपुर, चक्की प्रखंड का चरखी मोड़, ब्रह्मपुर प्रखंड का ब्रह्मपुर, केसठ का देगौली, डुमरांव प्रखंड से टुड़ीगंज, सदर प्रखंड से बक्सर, चौसा प्रखंड का चौसा, राजपुर प्रखंड का सुजायतपुर, इटाढ़ी प्रखंड का खरहना व नावागर प्रखंड का रुपसागर गांव शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 तक जिले में टीबी मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित है। इसे लेकर जिला यक्ष्मा केंद्र द्वारा जरूरी प्रयास किये जा रहे हैं। टीबी मरीजों की पहचान से लेकर निःशुल्क दवा वितरण एवं निक्षय योजना के तहत मरीजों को मिलने वाले लाभ को सुनिश्चित किया जा रहा है। ताकि, टीबी को जल्द से जल्द मिटाया जा सके।

## लक्षण दिखने पर तत्काल कराएं जांच

जिला यक्ष्मा केंद्र के एसटीएलएस कुमार गौरव ने बताया, जिला अस्पताल से प्रखंड स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी के मरीजों की जांच और इलाज की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है। दवा भी मुफ्त दी जाती है। स्वास्थ्य केंद्रों पर बलगम की जांच माइक्रोस्कोप एवं ट्रूनेट, सीबीनेट मशीन द्वारा निःशुल्क की जाती है। मरीजों की जांच के उपरांत टीबी की पुष्टि होने पर पूरा इलाज उनके घर पर ही डॉट प्रोवाइडर के माध्यम से निःशुल्क की जाती है। नए रोगी चिह्नित होने पर उनके पारिवारिक सदस्यों को भी टीबी प्रीवेंटिव ट्रीटमेंट दिया जाता है, ताकि परिवार के अन्य सदस्यों में टीबी बीमारी नहीं फैले। उन्होंने बताया कि टीबी के इलाज में सबसे जरूरी है लक्षणों की पहचान। जिन लोगों में सीने में दर्द, चक्कर, दो सप्ताह से ज्यादा खांसी या बुखार आनाए खांसी के साथ मुंह से खून आनाए भूख में कमीं और वजन कम होना आदि लक्षण हैं, तो वो टीबी की जांच अनिवार्य रूप से कराएं।

### आपराधिक वारदातों का जेल कनेक्शन की सूचना के बाद डीएम व एसपी ने की छापेमारी

# आरा जेल में जिला प्रशासन का छापा, मोबाइल और गांजा सहित आपत्तिजनक सामान बरामद

- पांच घंटों तक चली छापेमारी में 8 मोबाइल, 4 चार्जर, दो कैंची, गांजा, खैनी व 15 हजार नगद बरामद
- जिला प्रशासन की अचानक छापेमारी से बंदियों में मची रही अफरातफरी
- डीएम ने कहा- दोषियों पर होगी कार्रवाई, बंदियों पर दर्ज की जा रही प्राथमिकी

**केटी न्यूज/आरा**



जिले में बढ़ती अपराधिक वारदात को कंट्रोल करने को जिला प्रशासन द्वारा सोमवार की सुबह मंडल कारा में छापेमारी की गयी।? करीब पांच घंटे तक चली छापेमारी में मोबाइल, सिमकार्ड, चार्जर, मादक पदार्थ, कैश, और कैंची सहित कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये। आपराधिक वारदातों में जेल कनेक्शन सामने आने के बाद डीएम राजकुमार और एसपी संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम द्वारा छापेमारी की गयी। इस दौरान कई बंदियों से पुलिस द्वारा पूछताछ भी की गयी। प्रशासन की ओर से की गयी अचानक छापेमारी से बंदियों में हड़कंप जबकि जेल में अफरातफरी मची रही। सुबह करीब छह बजे से शुरू छापेमारी गयारह बजे तक चली। उस दौरान जेल के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गयी। जवानों द्वारा वार्डों से लेकर अस्पताल, किचेन और शौचालय तक को खंगाला गया। उस दौरान पंद्रह हजार रुपए नगद, आठ मोबाइल, पांच सिमकार्ड, चार मोबाइल चार्जर, दो कैची, एक दर्जन चुनौटी, खैनी व गांजे की पुड़िया, मोबाइल चार्ज करने वाला बैट्री, हेड फोन,मोबाइल बैट्री समेत कई आपत्तिजनक समान बरामद किया गया।

इस मामले को लेकर नगर थाने में संबंधित बंदियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। डीएम राज कुमार ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर मंडल कारा में छापेमारी की कार्रवाई की गयी। उस दौरान मोबाइल सहित कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये हैं। कुछ बंदियों से पूछताछ भी की गयी। मोबाइल आदि की बरामदगी को लेकर चिन्हित बंदियों पर प्राथमिकी दर्ज करायी जा रही है। इस मामले में जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जेल की निगरानी रखी जा रही है। इसके तहत लगातार छापेमारी भी की जाएगी। डीएम ने बताया कि की कुछ घटनाओं में जेल में बंद अपराधियों के कनेक्शन की भी बात सामने आ रही है ? उसकी जांच की जा रही है।

## सुबह छह बजे ही प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम ने जेल में बोला धावा, कैदियों में मचा हड़कंप

जानकारी के अनुसार डीएम औरएसपी के नेतृत्व में जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने सुबह करीब छह बजे ही जेल में धावा बोल दिया। अचानक काफी संख्या में अफसर और पुलिस जवानों को देखते ही बंदियों में हड़कंप मच गया। अचानक डीएम और एसपी समेत आलाधिकारी की गाड़ी जेल गेट पर पहुंची हड़कंप मच गया। अफसरों के जेल में पहुंचने के चंद मिनटों में कैदी वार्ड, बैरक, हॉस्पिटल, शौचालय के साथ फुलवारी के पास पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। इससे बंदियों को सामान छुपाने का मौक नहीं मिल पाया। टीम में एसडीओ ज्योतिनाथ सहदेव, एएसपी हिमांशु, मंगल कारा अधीक्षक संदीप कुमार, कई थानों के थानाध्यक्ष, अन्य अधिकारी और काफी संख्या में महिला व पुरुष सिपाही शामिल थे।

**आपराधिक गैंग के संचालन के साथ जेल में मस्ती कर रहे बंदी :** मंडल कारा बंदियों के लिए आराम घर बन गया है। गैंग के संचालन के साथ ही बंदी जेल में मस्ती भी कर रहे हैं। मोबाइल सुविधा के साथ ही बंदियों को खैनी व गांजा आदि की तलब भी पूरी हो रही है। सोमवार की सुबह जिला प्रशासन की छापेमारी से आपत्तिजनक सामान की बरामदगी से भी इसकी पुष्टि हो रही है। छापेमारी में खैनी, मोबाइल आदि की बरामदगी से पता चल रहा है कि बंदी न सिर्फ अपने परिजनों और गैंग के सदस्यों से जुड़े रहते हैं। बल्कि मादक पदार्थ का भी सेवन कर रहे हैं। बता दें कि पूर्व में भी हत्या सहित अन्य वारदातों में जेल में बंद कुछ अपराधियों का कनेक्शन सामने आ चुका है। मोबाइल के जरिए जेल में बंद अपराधी हत्या आदि की सुपारी भी ले रहे हैं। शाहपुर नपं के पूर्व चेयरमैन की हत्या में भी जेल का कनेक्शन सामने आया है। उसके आधार पर प्रशासन की ओर से छापेमारी की गयी है। हाल में पूर्व पार्षद पुत्र के पुत्र विक्की हत्याकांड में भी जेल कनेक्शन सामने आया था। इधर, कुछ साल पहले जेल में मोबाइल पर बंदियों के बात करने सहित वीडियो भी वायरल होते रहे थे। हालांकि फिलहाल में जेल में इस पर रोक लग गयी थी। लेकिन सोमवार की सुबह छापेमारी में काफी संख्या में आपत्तिजनक सामान मिलने से जेल की सुरक्षा पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

# पूर्व चेयरमैन की हत्या में दो महिला आरोपित गिरफ्तार, जांच को पहुंचे फॉरेंसिक एक्सपर्ट

### हत्या के खिलाफ दूसरे दिन भी आक्रोश, 30 घंटे बाद तक नहीं हुआ अंतिम संस्कार

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर की शाहपुर नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन वशिष्ठ प्रसाद उर्फ मंटू की हत्या की तफ्तीश तेज हो गयी है। पुलिस ने इस मामले में अबतक दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

वहीं अन्य की धरपकड़ को लेकर ताबड़तोड़ छापेमारी चल रही है। इधर, फॉरेंसिक एक्सपर्टों की टीम द्वारा की ओर से भी घटना की जांच की गयी।?इसे लेकर एफएसएल की टीम सोमवार को शाहपुर पहुंची थी। इधर, हत्या के खिलाफ दूसरे दिन सोमवार को भी लोगों में जबरदस्त आक्रोश रहा। मुख्य आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों द्वारा शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया गया है।

इसके कारण हत्या के करीब तीस घंटे बाद भी पूर्व चेयरमैन के शव का अंतिम संस्कार नहीं किया जा सका था। डीएम राजकुमार व एसपी संजय कुमार सिंह के निर्देश पर जगदीशपुर एसडीएम सीमा कुमारी, एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह और पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह मौके पर पहुंच परिजनों को समझाने में जुटे रहे। देर रात तक अधिकारियों और परिजनों के बीच वार्ता चल रही थी। बताया जाता है कि रविवार दोपहर शाहपुर नगर पंचायत की निवर्तमान मुख्य पार्षद जुगनू देवी के पति सह पूर्व चेयरमैन वशिष्ठ प्रसाद उर्फ मंटू की गोली मार हत्या कर दी गयी थी। उसे लेकर जेल में बंद तीन लोग सहित 13 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। एएसपी हिमांशु ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनमें बक्सर के नगर थाना क्षेत्र के नई बाजार निवासी प्रमोद गुप्ता की पत्नी किरण देवी और बक्सर के नवानगर गांव निवासी मंतोष साह की पत्नी आशा देवी उर्फ असनी शामिल हैं।

# बैंकों द्वारा 81 प्रॉजेक्ट को अनुमोदित करने पर दूसरे रैंक पर पहुंचा जहानाबाद जिला

**जहानाबाद।** जिले में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न लघु उद्योगों की स्थापना से जिले के औद्योगिक विकास का कार्य प्रगति पर है। इस क्रम में पीएमईजीपी के अंतर्गत 86 प्रॉजेक्ट के निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध बैंकों द्वारा 81 प्रॉजेक्ट को अनुमोदित कर जिला दूसरे रैंक पर पहुंच गया है। इस उपलब्धि पर जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय ने सभी संबंधित पदाधिकारियों और बैंक कर्मियों को बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन कर जिले के औद्योगिक विकास में सहभागिता दर्ज कर प्रथम स्थान पर पहुंचने का आह्वान किया। पीएमईजीपी के अंतर्गत अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय एवं महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र के द्वारा लागतार गांव में कैंप लगाकर लोगों को जागरूक कर इस योजना के तहत उद्योग के क्षेत्र में अधिक से अधिक आवेदन करने का अपील किया जा रहा है। साथ ही पीएमएफएमई योजना के तहत भी जनमानस से अपील किया जा रहा है कि अधिक से अधिक लोग इस योजना के तहत लाभ लेकर जिले को उद्योग के क्षेत्र में आगे बढ़ा सकते है।

## जरासंध स्मारक बनाने के निर्णय का सांसद ने किया स्वागत

**जहानाबाद।** बिहार सरकार नालंदा जिले के राजगीर में मगध नरेश जरासंध का स्मारक बनाएगी। यह स्मारक 'जरासंध का अखाड़ा' के करीब निर्मित होगा, ताकि यहां घूमने आनेवाले लोग अपने इतिहास को जान और समझ सकें। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की घोषणा के बाद कि राजगीर में जरासंघ स्मारक का निर्माण होगा चंद्रवंशी समाज सहित अति पिछड़ा वर्ग के लोगों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया है। सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने विशेष तौर से मुख्यमंत्री को इस निर्णय के लिए आभार प्रकट किया है।

# लूटकांड में वांछित कुख्यात अपराधी हथियार व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**



भोजपुर पुलिस की टीम द्वारा लूट कांड में वांटेड एक कुख्यात को गिरफ्तार किया गया है। उसे रविवार की रात मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा रेलवे पुल के पास से पकड़ा गया। उसके पास से मैगजीन लगा एक पिस्टल, पांच गोलियां, दो मोबाइल और एक बाइक भी बरामद की गयी है। वह नवादा थाना क्षेत्र के अनाईठ कुशवाहा धर्मशाला निवासी हरेराम सिंह का पुत्र दीपक महतो उर्फ शाहिल कुमार है। वह शाहपुर में पिछले जून में साढ़े छह लाख की लूट में वांटेड था। उसके खिलाफ लूट और हत्या के पहले से भी पांच मामले दर्ज हैं। एएसपी हिमांशु ने सोमवार की शाम प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपराधिक गतिविधियों पर रोकथाम के लिए वाहन चेकिंग का निर्देश दिया था। उस आधार पर रविवार की रात मुफ्फसिल थाने की पुलिस द्वारा जमीरा रेलवे पुल के पास वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। उस दौरान बाइक सवार युवक को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी पिस्टल (मैगजीन के साथ), 7.65 बोर की पांच गोलियां और दो मोबाइल बरामद किए गए। उसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। और बाइक जब्त भी कर ली गयी। हथियार बरामदगी के मामले में उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट और आपराधिक षड़यंत्र की प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

# प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी के भवन निर्माण के लिए लोगों ने निकाला जुलूस

- जुलूस के माध्यम से प्रशासन से किए सवाल

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

अखिल भारतीय किसान खेत मजदूर संगठन के बैनर तले ग्राम देवरथ में 2008 में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय का भवन 15 वर्षों बाद भी निर्माण नहीं किया गया है। साथ ही, उसी गांव में अर्ध निर्मित आंगनबाड़ी भवन का निर्माण वर्षों बाद पूरा नहीं हो पाया है। इस मांग को लेकर जहानाबाद स्टेशन के पास काको मोड़ से जुलूस निकाली गई। जिसमें छात्र, नौजवान, किसान, मजदूर तख्तियां और बैनर लेकर नारे लगा रहे थे।

लोगों ने जुलूस के माध्यम से मांग किया कि 15 वर्षों के बाद भी नवसृजित प्राथमिक विद्यालय का भवन निर्माण नहीं हुआ है, जिसका जवाब जिलाधिकारी दें। वर्षों से अर्ध निर्मित आंगनबाड़ी भवन का निर्माण पूरा कराएं। गरीबों के बच्चों के शिक्षा चिन्ना जा रहा है क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, विधायक, एमपी चुप क्यों हैं, जवाब दो आदि नारे लगा रहे थे। इस प्रदर्शन में अमलेश कुमार, राजू कुमार, जगदीश प्रसाद, शैलेश कुमार, दीपू कुमार, सोनू कुमार, रितेश कुमार, धनंजय कुमार, अमित कुमार, कौशिक कुमार इत्यादि शामिल हुए।

# आरा में एटीएम मशीन तोड़ते पकड़ा गया संदिग्ध, बचने को काट लिया हाथ

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के नवादा थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप नगर स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक की एटीएम में चोरी की कोशिश करते एक संदिग्ध को पकड़ा गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बैंक कर्मियों द्वारा उसे धरदबोचा गया। हालांकि पुलिस से बचने के लिए उसने ब्लेड से अपने हाथ नस काट लिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा सदर अस्पताल उसका इलाज कराया जा रहा है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पकड़ा गया संदिग्ध बक्सर के कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के टुड़ीगंज गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह का 19 वर्षीय पुत्र प्रियांशु कुमार है। बताया जा रहा है सोमवार की शाम वह महाराणा प्रताप नगर स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक के एटीएम बूथ स्थित मशीन को तोड़ने की कोशिश कर रहा था। उस बीच एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे से बैंक के कर्मियों द्वारा उसे एटीएम मशीन तोड़ते देख लिया गया। उसके बाद कर्मियों ने उसे पकड़ लिया।

इस संबंध में इंडियन ओवरसीज बैंक के सहायक प्रबंधक पवन कुमार द्वारा बताया गया कि युवक एटीएम में पैसे डालने वाली मशीन को तोड़ने की कोशिश कर रहा था। तभी सीसीटीवी में उनलोगों ने देख लिया और उसे पकड़ लिया। उसके बाद पुलिस को सूचना देते हुए पूछताछ की जा रही थी। उस दौरान वह अनकंट्रोल हो गया और ब्लेड से अपनी कलाई का नस काट लिया।

## टेहटा में निकाली गई कलश यात्रा, बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

**जहानाबाद।** जिले के मखदुमपुर स्थित टेहटा बाजार में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। टेहटा बाजार में पांच दिवसीय श्री राम चरित्र मानस एवं गीता विवेचना महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसे लेकर सोमवार के दिन कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में 501 महिलाओं ने कलश यात्रा में हिस्सा लिया। वहीं, श्रद्धालुओं ने पूजा पंडाल से कलश उठाकर पूरे बाजार का भ्रमण कर पुनः पूजा पंडाल में पहुंचे। पांच दिवसीय चलने वाले इस श्रीरामचरितमानस एवं गीता विवेचना महायज्ञ में कथा वाचक साध्वी सुश्री अमृता भारती के अलावा कई और कथा वाचक भक्तों को प्रवचन सुनाएंगे।

# खुशखबरी... आभा आईडी बनाकर पाएं पेपरलेस स्वास्थ्य सुविधा का लाभ

- आभा नंबर बनाएं और आयुष्मान भारत की डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं

**केटी न्यूज/आरा**




आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट के तहत आम नागरिकों को भी पंजीकृत किया गया है। इसको लेकर कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने पत्र जारी कर सिविल सर्जन को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। विदित हो कि आभा अकाउंट तहत बैंक अकाउंट की तरह ही अब आम लोगोंकी एक हेल्थ आईडी बनायी जा रही है। जिसके तहत आपके जो भी हेल्थ रिकॉर्ड हैं, वह इस में संधारित रहेगा जिसमें व्यक्ति के पूर्व में इलाज की पद्धति, ब्लड ग्रुप, बीमारी के प्रकार, किस प्रकार की दवा चली हुई है सभी संधारित रहेंगे। इसमें एक क्यूआर कोड होगा जिसे किसी भी डॉक्टर के यहां दिखाने तथा स्कैन करने पर सारा रिकॉर्ड दिखेगा। सारा रिकॉर्ड डिजिटल फॉर्म में उपलब्ध होगा जिसका एक आईडी और पासवर्ड रहेगा जो व्यक्ति के पास होगा।

## आभा हेल्थ आईडी कार्ड एक 14 अंकों का यूनिक नंबर है

आभा नंबर डिजिटल स्वास्थ्य प्रणाली का हिस्सा बनने के लिए सबसे पहला कदम है, जो आपके स्वास्थ्य रिकार्ड को कागज रहित बनाता है। आभा हेल्थ आईडी कार्ड एक 14 अंकों का यूनिक नंबर है। जिसके साथ आप अपने सभी स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से लिंक कर सकते हैं। 30 सेकेंड से कम समय में आधार नंबर या मोबाइल नंबर का उपयोग करके अपना आभा हेल्थ आईडी कार्ड बना सकते हैं।

## आभा हेल्थ आईडी कार्ड के लाभ

पूरे भारत में, सत्यापित डॉक्टरों, अस्पताल एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को आभा हेल्थ आईडी कार्ड देकर उनसे सभी मेडिकल रिकॉर्ड जैसे लैब रिपोर्ट, प्रिस्क्रिप्शन, अस्पताल के भर्ती एवं डिस्चार्ज के विवरण, एम आर आई रिपोर्ट आदि साझा करें। अब आपको डॉक्टर से मिलने के लिए रिपोर्ट साथ ले जाने की या अस्पताल का भर्ती फॉर्म भरने के लिए लंबी लाइनों मे खड़े होने की कोई जरूरत नहीं। बस अपना आभा हेल्थ आईडी कार्ड नंबर बताएं।

## आभा या नेशनल हेल्थ आईडी कार्ड क्या है

आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) या हेल्थ आईडी, भारतीय नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत भारत सरकार की एक पहल है। जो उनकी सभी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को एक ही जगह पर एकत्रित करती है। आभा एड्रेस के साथ, हेल्थ आईडी कार्ड या आभा नंबर बनाने से, सभी को डॉक्टरों और अन्य हेल्थ सर्विस प्रोवाइडरों से डिजिटल रूप से सभी प्रकार के मेडिकल रिपोर्ट और प्रिस्क्रिप्शन प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

## आभा या हेल्थ आईडी कैसे बनाएं

**आभा हेल्थ आईडी 3 आसान चरणों में बना सकते हैं**

- प्रथम चरण अपना 10 अंकों का फोन नंबर दर्ज करें और ओटीपी के साथ प्रमाणित/सत्यापित करें
- द्वितीय चरण अपना नाम, लिंग और जन्मतिथि दर्ज करें और आगे बढ़ें
- तीसरा चरण अपना पीएचआर एड्रेस बनाएं, अपना राज्य और जिला चुनें और आगे बढ़ें।

## खबरें फटाफट

### छापेमारी में 60 टेट्रा पैक शराब बरामद

**कृष्णाब्रह्म।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अरक गांव में रविवार को पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर 60 टेट्रा पाकेट शराब बरामद किया है। हालांकि पुलिस के आने की भनक लगते ही शराब धंधेबाज फरार हो गया। स्थानीय थाना में फरार शराब धंधेबाज के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत नामजद प्रथमिकी दर्ज कराई गई है। कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि अरक के जयराम सिंह अपने घर में शराब की बिक्री कर रहे है। इस सूचना पर उनके घर छापेमारी किया गया। जिसमें 60 पीस टेट्रा पैक शराब बरामद हुआ है। थानाध्यक्ष ने कहा कि उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### सीसीटीवी में कैद हुई बाइक चोरी की वारदात

**सिमरी।** जिले के तिलक राय के हाता ओपी थाना क्षेत्र के बड़का राजपुर गांव में से एक बाइक चोरी का मामला प्रकाश में आया है। चोरी गई बाइक हीरो कंपनी की स्पलेंडर प्लस जिसका नंबर बीआर 44 के4168 छोटका राजपुर के रंजन कुमार सिंह की थी। मिली जानकारी के अनुसार वे रविवार को अपने घर से बड़का राजपुर स्टैंड के समीप स्थित शिवरात्रि मेडिकल एजेंसी में दवा खरीदने आए थे। बाइक को दुकान के सामनें सड़क किनारे खड़ी कर वे दवा खरीदने गए थे। इसी दौरान उनकी बाइक चोरी हो गई। यह वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी में साफ दिख रहा है कि दो युवकों ने मिलकर बाइक को चुराया है। इसके बाद दोनों उसे लेकर तेजी से भाग निकले है। पीड़ित द्वारा स्थानीय थानें में अज्ञात बाइक चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पुलिस बाइक चोरों की पहचान में जुट गई है।

### बुजुर्गों को सुविधा से वंचित करने पर टीएन चौबे ने जताई नाराजगी

**बक्सर।** बिहार प्रदेश कांग्रेस के वरीय नेता टीएन चौबे ने केन्द्र सरकार द्वारा ट्रेन में वरिष्ठ नागरिक यात्रियों को सुविधा से वंचित करने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के साथ घोर अन्याय किया गया है। वरिष्ठ नागरिक यात्रियों कि सुविधा बढ़ानी चाहिए वहीं केंद्र सरकार सुविधा घटाने का काम जारी रखे हुए है। यह सुविधा यूपीए की सरकार के कार्यकाल में दी गई थी। इसके खिलाफ वरिष्ठ नागरिक आंदोलन करने की तैयारी में है।

# रूद्र महायज्ञ... यज्ञ मंडप की परिक्रमा से मिलता है यज्ञ करने का लाभ : नारायणाचार्य

- पंचाग पूजन, मंडप प्रवेश व अरणी मंथन के साथ विधिवत रूप से शुरू हुआ रूद्र महायज्ञ
- पहले ही दिन हजारों श्रद्धालुओं ने किया यज्ञ मंडप का परिक्रमा

**केटी न्यूज/चौगाई**



यज्ञ में शामिल साधु-संत व अन्य

ठोरी पांडेयपुर में आयोजित रूद्र महायज्ञ में सोमवार को पंजाग पूजन, मंडप प्रवेश व अरणी मंथन किया गया। वैदिक विधान व मंत्रोच्चार के बीच हुए अरणी मंथन के दौरान अग्नि प्रज्जवलित होते ही इलाका श्रद्धालुओं के जयघोष से गूंजायमान हो उठा। इसके बाद जहा यज्ञाचार्य व वैदिक ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार व हवन के द्वारा महायज्ञ के विधानों को शुरू किया गया। वहीं श्रद्धालुओं द्वारा मंडप परिक्रमा की शुरूआत की गई। पहले दिन ही हजारों श्रद्धालु इस महायज्ञ में शामिल हुए तथा यज्ञ मंडप की परिक्रमा किए। श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के मंगलानुशासन और वैष्णव मणि नारायणाचार्य जी महाराज के निर्देशन में चल रहे श्री रूद्र महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों के साथ ही इलाके के श्रद्धालुओं में जबर्दस्त उत्साह व्याप्त है। इस आयोजन से इलाके का वातावरण भक्तिमय बन गया है। यज्ञाचार्य पंडित उमाकांत ओझा के नेतृत्व में दर्जनों वैदिक ब्राह्मणों द्वारा यज्ञ कुंड में आहुतियां दी जा रही है। यज्ञ मंडप के परिक्रमा की शुरूआत नारायणाचार्य जी महाराज और देश के कोने कोने से पधारे संत महात्माओं के द्वारा की गई। श्री नारायणाचार्य जी महाराज ने कहा कि यज्ञ मंडप की परिक्रमा मात्र से ही पूरे यज्ञ का फल मिल जाता है। उन्होंने कहा कि यज्ञ मंडप की परिक्रमा संपूर्ण यज्ञ कराने व श्रवण के बराबर होता है। वैष्णव मणि नारायणाचार्य के नेतृत्व में साधु संतों द्वारा यज्ञ मंडप की परिक्रमा करते देख श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा था। बड़ी संख्या में श्रद्धालु देश के कोने कोने से आए संत महात्माओं के पीछे-पीछे परिक्रमा कर रहे थे। यह सिलसिला पूरे दिन जारी रहा। आस पास के गांवों से आने वाले श्रद्धालु पुरूष व महिलाओं के द्वारा पूरे दिन परिक्रमा किया जा रहा है।

### मांगलिक गीत गा महिलाएं कर रही थी परिक्रमा

यज्ञ मंडप के परिक्रमा में पुरूषों से अधिक महिला श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। वे मांगलिक गीत गाते हुए यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर रही थी। देर तक महिलाओं का जत्था परिक्रमा करते देखी गई। महायज्ञ परिसर में आने के साथ ही सभी श्रद्धालुओं के चेहरे पर भक्ति भाव की भंगिमा साफ दिखाई पड़ रही थी।

### वैदिक मंत्रोच्चार व महादेव के जयकारे से गूंजता रहा इलाका

महायज्ञ में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा किए जा रहे वैदिक मंत्रोच्चार की ध्वनि दूर दूर तक सुनाई पड़ रही है। यज्ञाचार्य पंडित उमाकांत ओझा के निर्देशन में हो रहे मंत्रोच्चारण से पूरे गांव में भक्तिरस की अविरल धारा बह रही हैं। श्रद्धालुओं द्वारा रह रहकर देवाधिदेव महादेव के जयघोष लगाए जा रहे थे। दूसरी ओर, यज्ञ मंडप के चारों तरफ मेला का आयोजन भी हुआ है। जिसमें पूरे दिन बच्चों का हुजूम उमड़ा रहा। वहीं, भागवत कथा के दौरान भी हजारों श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो कथामृत का पान कर रहे थे। नारायणचार्य जी महाराज द्वारा भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है। जिसे सुनने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु महायज्ञ मंडप परिसर में आ रहे है। महायज्ञ के आयोजन से ग्रामीणों में उत्साह का संचार हो गया है।

## कोचस मुख्य मार्ग पर बभनी चेक पोस्ट के समीप हुआ हादसा

# बस व बाइक के बीच सीधी टक्कर में बाइक चालक की मौत, पीछे बैठी युवती भी जख्मी

- परिजनों को सूचना दे पुलिस ने शव को लिया कब्जे में

**केटी न्यूज/राजपुर**



घटना का जायजा लेती पुलिस



बस के नीचे फंसी दुर्घटनाग्रस्त बाइक

जिले के कोचस मुख्य मार्ग पर बभनी चेक पोस्ट के समीप बस और बाइक की सीधी टक्कर में चालक की मौत हो गई। वहीं, घटना में उसके पीछे बैठी युवती को भी गंभीर चोटें आई है। घटना सोमवार की शाम करीब साढ़े तीन बजे की है। जानकारी मिलते ही तत्काल राजपुर पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जें में लेने के साथ ही घायल युवती को इलाज के लिए राजपुर पीएचसी तथा वहा से रेफर होने के बाद सदर अस्पताल बक्सर भेजा। मृतक की पहचान रोहतास जिले के नोखा थाना क्षेत्र के मुर्तिहा गांव के मुनफ पटेल के पुत्र यिसु पटेल के रूप में हुई है। जबकि घायल युवती उसके पड़ोसी गांव पहाड़पुर के संजय चौहान की पुत्री आरती कुमारी है। आरती ने ही पुलिस को खुद का तथा मृतक का परिचय बताया। इसके बाद पुलिस मृतक के घर इस मनहूस घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन मूर्तिहा से घटना स्थल की ओर निकल गए थे। जबकि जख्मी युवती का इलाज सदर अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष में चल रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोचस से बक्सर की तरफ जा रही एक यात्री बस और बक्सर की तरफ से आ रही एक बाइक में बभनी भरखरा चेक पोस्ट के समीप आमने-सामने की टक्कर हो गई। हालांकि दोनों कैसे और किस स्थिति में इधर आए थे इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। वैसे सूत्रों की मानें तो दोनों के संबंधों को लेकर कई तरह की चर्चाएं चल रही थी।

### सड़क दुर्घटना का हॉट स्पॉट बन गया है भखरा चेकपोस्ट

बक्सर कोचस मुख्य मार्ग पर भरखरा गांव के समीप बना चेकपोस्ट दुर्घटना जोन साबित हो रहा है। लोगों का कहना है कि अबतक इस जगह पर सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि कई लोग अपंग हो चुके है। स्थानीय लोगों ने पुलिस चेक पोस्ट पर भी सवाल उठाए है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही इसी जगह पर कार की चपेट में आने से सिमरी थाना क्षेत्र के नियाजीपुर गांव निवासी एक ट्रक चालक की मौत हुई थी। इसके अलावे भी हाल के दिनों में यहा कई दुर्घटनाएं हो चुकी है।

### मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं

राजपुर थानाध्यक्ष युसुफ अंसारी ने बताया कि दुर्घटना की सूचना पर पहुंच शव को कब्जे में ले परिजनों को सूचना दिया गया है। वहीं, जख्मी युवती का इलाज करवाया जा रहा है। अभी तक इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया है।

# बीडीओ और सीओ ने दिव्यांगों के साथ बैठक कर सुनी समस्याएं



- भूमिहीनों को बासगीत पर्चा व प्रतिमाह तीन हजार रुपए का गुजारा भत्ता देने की हुई मांग

**केटी न्यूज/डुमरांव**

सोमवार को स्थानीय प्रखंड कार्यालय में दिव्यांगजनों के साथ बीडीओ संतोष कुमार व सीओ अंकिता सिंह ने बैठक कर उनकी समस्याओं से रू-ब-रू हुए। बैठक में बीडीओ के सामने दिव्यांगों ने अपनी समस्याओं को खुलकर रखा तथा उसके समाधान की गुहार लगाई। इस दौरान मुख्य रूप से दिव्यांगों ने रोजगार, स्वरोजगार के साथ ही भूमिहीनों को बासगीत पर्चा देने तथा प्रति माह तीन हजार रूपए बेरोजगारी भत्ता देने की मांग मजबूती से उठाया। दिव्यांग जनों ने प्रशासन से मांग किया कि मनरेगा के गुर्जरों के संचालन के लिए मेट की बहाली की जाती है। इस बहाली में अगर दिव्यांग जनों को प्राथमिकता दी गई तो बहुत से दिव्यांगों को रोजगार मिल सकेगा।

इस दौरान संघ के अध्यक्ष अगस्त उपाध्याय ने दिव्यांगों की समस्याओं को रखते हुए कहा कि शारीरिक रूप से अपंग होने के चलते दिव्यांग भारी व भागदौड़ वाले काम भले ही नहीं कर पाएंगे लेकिन कई ऐसे छोटे-छोटे काम हैं, जिन्हें करके भी अपना जीविका चला सकते हैं। उन्होंने उन सभी भूमिहीन दिव्यांग जनों को अंचल कार्यालय से बासगीत पर्चा निर्गत करने की मांग की जो सरकार द्वारा निर्धारित मानदंड और पात्रता को पूरी करते है। जबकि महंगाई के इस दौर में गुजारा भत्ता के रूप में प्रतिमाह तीन हजार रुपया देने की मांग की गई। बीडीओ संतोष कुमार तथा सीओ अंकिता सिंह ने दिव्यांग जनों को आश्वस्त किया कि उनकी हर उचित मांग पर प्रखंड प्रशासन सहानुभूति पूर्वक विचार करेगा तथा वरीय पदाधिकारी एवं सरकार से प्राप्त निर्देश का अनुपालन कर लाभान्वित करेगा।

## मध्य विद्यालय में स्मार्ट क्लास का होगा संचालन, लगाया गया प्रोजेक्टर



**केटी न्यूज/केसठ**

माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालय के बाद अब सरकारी मध्य विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भी स्मार्ट क्लास में पढ़ाई कर सकेंगे। वे भी निजी विद्यालयों के बच्चों की तरह डिजिटल शिक्षा से परिचित होंगे। इसके तहत प्रखंड के मध्य विद्यालय केसठ में सर्व शिक्षा अभियान के द्वारा प्रोजेक्टर लगा दिया गया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश यादव ने बताया कि डिजिटल शिक्षा बच्चों के लिए उपयोगी कदम साबित तो होगा।

उन्होंने कहा कि अब बच्चे सैद्धांतिक पढ़ाई के साथ चलचित्र के माध्यम से उसे देख भी सकेंगे। जिससे उनका नैसर्गिक विकास हो सकेगा। वहीं, स्मार्ट क्लास शुरू होने से छात्र-छात्राओं की रूचि भी विद्यालय के प्रति बढ़ेगी। स्मार्ट क्लास में बच्चे चौक, ब्लैक बोर्ड, पेन, पेंसिल के बिना पढ़ाई कर सकेंगे। वे रिमोट के जरिए इसका संचालन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि विज्ञान और गणित में बच्चों को स्मार्ट क्लास के माध्यम से फिल्म प्रदर्शन के जरिए पढ़ाने और समझाने काफी सहूलियत होगी। जिससे बच्चें हर कठिन टॉपिक को आसानी से समझ पाएंगे और हल कर पाएंगे। वहीं पूर्व सीआरसी मनोज कुमार ने कहा कि स्मार्ट क्लास लग जाने से बच्चों का समग्र विकास होगा और उनमें पढ़ने की नई ललक जगेगी।

## निगरानी विभाग ने शिक्षक के खिलाफ दर्ज कराया मामला

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के कंझरुआ पंचायत स्थित मध्य विद्यालय चुआड़ के फर्जी प्रमाणपत्र पर कार्यरत एक शिक्षक के खिलाफ कोरानसराय थाने में निगरानी विभाग ने मामला दर्ज कराया है।

एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गयी है। आरोपी शिक्षक महेंद्र कुमार सिंह बताया जाता है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना के पुलिस निरीक्षक ईश्वरी प्रसाद ने कोरानसराय थाने में कांड संख्या 141/22 दर्ज कराते हुए आवेदन में बताया है कि मध्य विद्यालय चुआड़ में पदस्थापित शिक्षक महेंद्र कुमार सिंह का नियोजन पंचायत शिक्षक के पद पर वर्ष 2014 में हुआ था। जांच प्रक्रिया के दौरान इंटर का अंक प्रमाण पत्र सत्यापन के बाद फर्जी पाया गया है। ऐसी स्थिति में निगरानी विभाग ने संबंधित शिक्षक पर एफआईआर दर्ज कराया है। गौरतलब है कि हाई कोर्ट के निर्देश पर निगरानी विभाग नियोजित शिक्षकों के प्रमाण पत्रों की जांच कर रही है।

## डीएम के निर्देश पर थानों में शुरू हुआ हथियारों का सत्यापन

- सत्यापन से वंचित लाइसेंसधारियों को प्रशासन ने दिया है अंतिम मौका

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डीएम अमन समीर के निर्देश पर इस वर्ष किसी कारणों से अपने हथियारों का सत्यापन नहीं कराने वाले लाइसेंसधारियों के हथियारों के सत्यापन के लिए एक मौका मिला है। सोमवार से तीन दिवसीय लाइसेंस सत्यापन शुरू किया गया। लाइसेंसधारियों के लिए साल 2022 का यह अंतिम मौका है। छूटे हुए लाइसेंसधारियों को इन तीन दिनों में अपने हथियारों का सत्यापन करा लेना है।

पहले दिन डुमरांव, कोरानसराय व मुरार थाने को मिलाकर कुल डेढ़ दर्ज लाइसेंसधारियों ने अपने-अपने लाइसेंसों का सत्यापन कराया। इस दौरान विभिन्न थानों में दंडाधिकारी मौजूद थे। मिली जानकारी के अनुसार डुमरांव थाने में पहले दिन पांच लाइसेंसधारियों ने अपने हथियारों का सत्यापन कराया। इस दौरान थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम मौजूद थे। वहीं, कोरानसराय थाना में बतौर मजिस्ट्रेट केसठ सीओ कुमारी अनुकंपा व प्रभारी थानाध्यक्ष जगन्नाथ सिंह के नेतृत्व में कुल 13 तथा मुरार थाना में मजिस्ट्रेट सह चौगाई बीडीओ तेज बहादुर सुमन व थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद द्वारा 28 हथियारों का सत्यापन किया गया। यह सत्यापन 30 नवंबर तक हर दिन चलेगा। जो लाइसेंसधारी इस साल अपने हथियारों का सत्यापन नहीं करा सके है उन्हें हर हाल में सत्यापन कराना होगा। नहीं तो उनकी अनुज्ञप्ति रद्द कर दी जाएगी। हथियारों का सत्यापन शुरू होने से पूरे दिन थाना परिसर शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों रहे खचा खच भरा रहा।

## एक नजर

### भक्ति का सप्तम स्वरूप है दास्य भक्ति: इंद्रेश जी महाराज



**बक्सर।** जिला मुख्यालय स्थित नई बाजार में आयोजित 53 वें श्री सीताराम विवाह महोत्सव के सातवें दिन नित्य की भांति आज प्रातः काल से ही आश्रम में विभिन्न धार्मिक आयोजन प्रारंभ हो गए। आश्रम के परिकरों ने सर्वप्रथम श्री रामचरितमानस जी का नवाह पारायण पाठ किया, जबकि दामोह की संकीर्तन मण्डली के द्वारा किया गया। अखण्ड अष्टयाम हरिनाम संकीर्तन पूर्व की भांति जारी रहा। जबकि मिथिला के विश्वनाथ शुक्ल श्रृंगारी जी के द्वारा पद गायन प्रस्तुत कर भक्तों का मन मोह लिया। श्रीमद् भागवत कथा के आठवें दिन कथा व्यास इंद्रेश जी महाराज ने आज की कथा में नवधा भक्ति के अंतर्गत भक्ति के सप्तम, अष्टम एवं नवम स्वरूप दास्य, सख्य औरे आत्मनिवेदन भक्ति की की सुमधुर व्याख्या की। श्री महाराज जी ने कहा कि दास्य भक्ति, भक्ति का सप्तम स्वरूप है।इसके आचार्य श्री हनुमान जी को माना गया है।महाराज जी ने कहा कि ईश्वर को स्वामी और स्वयं को दास मानकर ईश्वर की सेवा करना ही दास्य भक्ति है।जिस प्रकार श्री हनुमान जी प्रभु श्रीराम को अपना स्वामी मानकर अहर्निश उनकी सेवा में समर्पित रहते है उस प्रकार हम सबको को भी स्वयं का ईश्वर का दास मानते हुए उनकी सेवा करनी करनी चाहिए। भगवान के गुण, तत्व, रहस्य और प्रभाव को जानकर श्रद्धा प्रेम पूर्वक उनकी सेवा करना और उनकी आज्ञा का पालन करना दास्य भक्ति है।

### स्वच्छता सर्वेक्षण में बक्सर नगर परिषद को नंबर वन बनाने के लिए श्रवण तिवारी चलाएंगे मुहिम



**बक्सर।** नगर परिषद बक्सर में नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी और स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर डॉक्टर श्रवण कुमार तिवारी की अध्यक्षता में बैठक की गई। यह बैठक नगर परिषद के सभा कक्ष में सफाई सुपरवाइजर और सफाई एनजीओ के साथ की गई। ताकि बक्सर को स्वच्छ बनाया जा सके। इसमें जो सुपरवाइजर की समस्या रही उनको जल्द से जल्द एनजीओ को निराकरण करने हेतु आदेशित किया गया। साथ ही स्वच्छता 2023 बक्सर में बक्सर को नंबर एक बनाने के लिए सुपरवाइजर एनजीओ को आवश्यक निर्देश दिया गया। जिसमें मुख्य रुप से यत्र तत्र कूड़ा नहीं गिराने एवं कचरे में आग नहीं लगाने एवं सफाई कर्मियों को उपकरण देने हेतु एवं लोगों से घर घर कूड़ा उठाने की बात मुख्य रूप से रखी गई, यहां वहां और सफाई होने के बाद कूड़ा फेंकने वाले लोगों से फाइन लगाने की बात रखी गई। शहर को स्वच्छ बनाने की मुहिम को ब्रांड एंबेस्डर श्रवण तिवारी जन-जन तक जाकर जागरूक करने हेतु एक मुहिम चलाने की बात कही।

## जिले में वायु क्लाविटी इंडेक्स 400, जिलाधिकारी ने जताई चिंता, बोले- धूल वाले स्थलों पर पानी का छिड़काव कराएं

# प्रदूषण कम करने के लिए एनएच के बीच कराएं पौधरोपण : डीएम

- बढ़ते हुए वायु प्रदूषण को देखते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ की बैठक
- संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रदुषण कम करने का सुझाया उपाय

**केटी न्यूज/बक्सर**



अमन समीर जिलाधिकारी बक्सर

जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में कार्य संस्कृति एवं समन्वय की बैठक, परिवहन विभाग की योजनाओं की समीक्षा एवं सड़क दुर्घटना में मृत्यु से संबंधित मुआवजा की समीक्षा समाहरणालय परिसर अवस्थित सभागार में आहूत की गई। बैठक में सबसे पहले जिला पदाधिकारी बक्सर में वायु प्रदूषण के संबंध में विस्तार से समीक्षा किया गया। वर्तमान में बक्सर का वायु क्लाविटी इंडेक्स 400 हो गया। इसमें कमी लाये जाने हेतु नगर परिषद बक्सर, भवन निर्माण विभाग, पथ निर्माण विभाग एवं संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्था करने यथा-पानी का छिड़काव एवं निर्माण कार्य स्थलों पर धूल से बचाव हेतु ग्रीन कपड़े से ढकने आदि का निर्देश दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर एवं डुमरांव एवं सभी बीडीओ को निर्देश दिया गया कि लोगों को धुआं नहीं करने तथा धूल वाले स्थलों पर पानी छिड़काव करने हेतु प्रेरित करें। साथ ही, दुकानदारों को कोयला का उपयोग न करने का सलाह देने का निर्देश दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी बक्सर को निर्देश दिया गया कि वाहनों का अभियान चलाकर प्रदूषण की जांच कराएं। ताकि वायु क्वालिटी में सुधार लायी जा सके। फोरलेन में हो रहे कार्यों के संबंध में पानी का छिड़काव करने तथा पथ के बीच में होने वाले पौधरोपण के अतिरिक्त पथ के दोनों किनारे पौधरोपण का कार्य करने हेतु निर्देश दिया गया।

### ट्रांसफर्मर खराब होने पर 24 घंटे में बदलने का दिया निर्देश

नगर परिषद क्षेत्रों तथा नगर पंचायत क्षेत्रों के बाजारों में मत्स्य बाजार बनाये जाने हेतु संबंधित अंचलाधिकारी एवं नगर परिषद बक्सर एवं डुमरांव को प्रस्ताव देने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमण्डल बक्सर को निर्देश दिया गया कि अगर कहीं ट्रांसफर्मर खराब होता है तो 24 घंटे के अंदर उसको बदलते हुए विद्युत आपूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अवकाश के दिनों में भी 24 घंटे के अंदर विद्युत आपूर्ति बहाल करने हेतु विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

### विलंब करने वाले थानाध्यक्ष के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश

सड़क दुर्घटना में मृत्यु से संबंधित मुआवजा भुगतान के संबंध में विभागीय नियमानुसार एसडीओ बक्सर एवं डुमरांव को थाना के माध्यम से शीघ्र प्रतिवेदन भेजवाने का निर्देश दिया गया। इसमें अनावश्यक विलंब करने वाले थानाध्यक्ष के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। एसडीओ बक्सर के द्वारा पथ निर्माण के संबंध में दिए गए फीडबैक पर कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल बक्सर को निर्देश दिया गया कि सिंडीकेट नहर से ज्योति चौक तक बाइपास रोड में पथ के किनारे मिटटी तथा अन्य कार्यों को मानक के अनुरूप शीघ्र पूर्ण करें।

## शहर छोटी खबरें

### एसएसबी के जवान की इलाज के दौरान मौत

**गाजीपुर।** भारत बंग्लादेश सीमा पर पश्चिम बंगाल के मालदा में तैनात सीमा सुरक्षा बल 95वीं बटालियन के कांस्टेबल अभिषेक तिवारी की रविवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। निधन के बाद उनका पार्थिव शरीर सोमवार की शाम पैतृक निवास नोनहरा थाना क्षेत्र के चेतनपुर सुभाखरपुर पहुंचा। शव पंहुचते ही लोगों की चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। अभिषेक तिवारी (30) पुत्र प्रभा तिवारी निवासी चेतनपुर- सुभाखरपुर दो भाइयों में बड़े थे। वर्ष 2013 मे बीएसएफ में बतौर सिपाही भर्ती हुए थे।

### चेकिंग अभियान में तमंचा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे चेंकिग अभियान के तहत थाना खानपुर पुलिस द्वारा दो युवकों को तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी के निर्देश पर वृत्ताधिकारी नगर व सैदपुर के मार्गदर्शन में 27 नवंबर को खानपुर पुलिस द्वारा रात्रि गश्त व चेकिंग की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सैदपुर थाना अंतर्गत खजूरा निवासी रमेश राम का बेटा सूरज गौतम को बहदग्राम बिहारीगंज डगरा पर गिरफ्तार किया। वहीं, आजमगढ़ जिले के मेहनाजपुर थाना अंतर्गत ढकवा निवासी रामचन्द्र राम का बेटा शुभम कुमार को कुढ़ालंबी मोड़ बहदग्राम कुढ़ालम्बी से गिरफ्तार किया गया।

### शादी से इंकार करने पर युवती ने लगाई आग

**मऊ।** घोसी थाना क्षेत्र के नदवासराय वो भोपौरा गांव में शादी से इंकार करने से आहत होकर एक युवती ने खुद को आग के हवाले कर दिया आनन-फानन में परिजनों ने इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। बताया जाता है जौनपुर जिले के बांसीडीह थाना अंतर्गत खुहवां निवासी संजय सिंह की 18 वर्षीय बेटी दीक्षा घोसी थाना क्षेत्र के नदवा सराय भोपौरा गांव में रह कर प्राइवेट स्कूल में पढ़ाते थी। दीक्षा की शादी 8 माह पहले अनिरुद्ध सिंह के बेटे अंकित के साथ तय हुई थी। 25 नवंबर को अंकित ने मैसेज कर डाला कि वो शादी नहीं करेगा। उसने किसी से कोर्ट मैरेज कर लिया है। इससे उसने आत्महत्या करने का फैसला कर लिया और खुद को आग लगा लिया।

# सुरक्षा की कवायद... बलिया शहर में 100 व नगर पंचायतों में लगेंगे 30-30 सीसीटीवी कैमरे

- अपराधिक घटनाओं पर लगेगा अंकुश, बदमाशों पर रखी जा सकेगी नजर
- जिले की सभी 10 नगर पंचायतों और दो नगरपालिकाओं का किया जाएगा चयन

**केटी न्यूज/बलिया**



कस्बों और शहरों में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के मकसद से क्लोज सर्किट कैमरे लगाने की पहल की गई है। इससे कस्बों में होने वाली अवांछनीय गतिविधियों को रोकने में यह कैमरे काफी मददगार साबित होंगे। साथ ही, आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों पर नजर रखने में सहूलियत होगी। पहले चरण में इसके लिए जिले की सभी 10 नगर पंचायतों और दो नगरपालिकाओं का चयन किया जाएगा। जहां की गलियों व चौक-चौराहों पर चार-चार सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि शहर व कस्बों में होने वाली गतिविधियां कैमरे में रिकॉर्ड होंगी। इससे अपराधियों के मन में भय उत्पन्न होगा। एएसपी डीपी तिवारी ने इस पहल को अमली जामा पहनने के लिए संभ्रात लोगों और व्यापारियों से समन्वय स्थापित किया है। शीघ्र ही योजनानुसार बलिया शहर में सौ और नगर पंचायतों में 30-30 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके शहर के व्यापारियों संग अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रथम चरण की बैठक की है। इसमें सभी ने इसके लिए हामी भर दी है। इसमें अग्रणी रहने वाले व्यापारियों को राष्ट्रीय पर्व पर अथवा कार्यक्रम का आयोजन कर सम्मानित किया जाएगा और उन्हें प्रशस्तिपत्र भी दिया जाएगा।

**पुलिस तय करेगी प्वाइंट :** शहर समेत जिन नगर पंचायतों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, वहां स्थान का चयन पुलिस करेगी। इसके लिए शहर के अलावा उस नगर पंचायत में सर्वे करके ऐसे बिंदु/स्थान चिह्नित किए जाएंगे, जहां से लोगों की आमद रफ्त ज्यादा होगी। बाजार जाने वाले रास्ते और स्थानीय चौक चौपालों और बच्चों के स्कूल आने-जाने वाले रास्ते को प्राथमिकता दी जाएगी। एएसपी डीपी तिवारी के मुताबिक, ऐसे स्थान पर सीसीटीवी कैमरा लगने से जहां सबसे ज्यादा फायदा होगा, वहीं इसे लगवाया जाएगा।

**रखरखाव का जिम्मा नगर पालिका और नगर पंचायत का :** अपर पुलिस अधीक्षक डीपी तिवारी ने बताया कि ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगवाए जाने वाले इस कैमरों की खरीद और रखरखाव का जिम्मा नगर पालिका और नगर पंचायत का होगा। निकाय की निधि में उपलब्ध धन से इसका भुगतान किया जाएगा। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत शहर के चौराहों, सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। इसके लिए सरकार की तरफ से कोई अतिरिक्त बजट नहीं दिया गया है। व्यापारियों, सामाजिक संगठनों, ग्राम प्रधानों के सहयोग से इस योजना को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। शहर और नगर पंचायतों के चौराहों को इस योजना के तहत कैमरों से लैस किया जा रहा।

## गाजीपुर के रेवतीपुर थाना क्षेत्र की घटना, आग बुझाने के प्रयास में दो लोग झुलसे

# जग्गी के पुरा यादव बस्ती में 21 आशियाने जलकर राख, आग से लाखों का नुकसान

- घटना के बाद क्षति का आंकलन करने पहुंचे वरीय अधिकारी
- पीड़ितों को मुआवजे के साथ मकान दिलाने का प्रयास करने का दया आश्वासन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



मुआयना करते अधिकारी व इनसेट में आग लगने के कारण जल रही झोपड़ी

जिले के रेवतीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जग्गी का पुरा यादव बस्ती में रविवार की देर रात करीब एक बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें कुल 21 लोगों की 21 आवासीय झोपड़ियां जलकर राख हो गई। आग के चलते उसमें रखा घर गृहस्थी का पूरा सामान आग की भेंट चढ़ गया। आग की चपेट में आने से पांच बकरियां जलकर मर गई। जबकि आग बुझाने के प्रयास में दो लोग झुलस गए। जिनका प्राथमिक उपचार रेवतीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य पर कराने के बाद छुट्टी दे दी गई। आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी होते ही ग्रामीणों में चीख-पुकार मच गई। मौके पर ग्रामीण अपने संसाधनों से आग पर काबू पाने में जुट गए, इसकी सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष प्रशांत चौधरी मौके पर पहुंचे। इसके बाद इसकी सूचना अग्निशमन दस्ते को दी। सूचना के करीब दो घंटे बाद दमकल की गाड़ी पहुंची, लेकिन तब तक लोगों का आशियाना राख हो चुका था।

**नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट आलाधिकारियों को किया प्रेषित :** सोमवार की सुबह इसकी सूचना मिलते ही एसडीएम सेवराईं राजेश प्रसाद चौरसिया, राजस्व निरीक्षक राकेश राय, लेखपाल अरविन्द राज मौके पर पहुंचे। घटना में नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट आलाधिकारियों को प्रेषित किया। अगलगी में छन्नू, शारदा, सुबाष, रामजी, भगमानी देवी, लालू, संजय, श्रीवल, राजकुमार, उपेन्द्र, नागेन्द्र, योगेन्द्र, फुल्लन, धर्मेन्द्र, कृष्णानंद, अशोक, सुनिल, रामाशंकर, राजेश की एक-एक आवासीय झोपड़ी जल गई। जबकि मुन्नी देवी की एक आवासीय झोपड़ी जलने के साथ ही तीन बकरी जलकर मर गई। जबकि आशा की एक आवासीय झोपड़ी जलने के साथ ही दो बकरी जल मरी।

**अगलगी में झुलसे दो लोग :** ग्रामीणों ने बताया कि इसके अलावा पीड़ित राजेश की बहन, रामाशंकर व छन्नू की शादी भी तय थी। इसके लिए शादी की तैयारियों के लिए रखा सामान भी आग की भेंट चढ़ गया। ग्रामीणों ने बताया कि आग के चपेट में आने से राजेश व संदीप मामूली रूप से झुलस गये। एसडीएम राजेश प्रसाद चौरसिया ने बताया कि आग की सूचना पर मौके पर गया था।

### अगलगी से बचाव के लिए लोगों को होना होगा जागरूक

**गाजीपुर।** एसडीएम राजेश प्रसाद चौरसिया ने कहा कि जिले में धान की कटाई का दौर चल रहा है। लोग धान की पिटाई के बाद उसे घर के आसपास जमा कर लेते हैं। वहीं, ठंड से बचाव के लिए ग्रामीण इलाकों में अंगिठी या आग जलाकर रात बिताते हैं। ऐसे में आग फूस के संपर्क में आ जाती है। जो विकराल रूप ले लेती है और अपने संपर्क में आने वाली झोपिड़यों को जलाकर राख कर देती है। उन्होंने लोगों से जागरूक होते हुए अपील किया कि वो फूस के घर के दीवारों पर अनिवार्य रूप से मिट्टी का लेप लगाएं। खपरैल मकान में रहने वाले लोगों को सुबह 8 बजे से पहले व शाम को 5 बजे के बाद भोजन पका लें। वहीं, खाना बनाने के बाद चूल्हे की आग को बुझा दें। साथ ही, खाना पकाते समय सिंथेटिक कपड़ों से परहेज करें। संभावित अग्निकांड से बचाव को लेकर ड्रम में पानी भरकर हमेशा रखे, छोटी बाल्टी में बालू भरकर रखे।

## तीन बोरे में रखे 80 कछुए बरामद



**केटी न्यूज/बलिया**

स्थानीय रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान पूर्वांचल एक्सप्रेस ट्रेन से जीआरपी ने तीन बोरे में रखे गए 80 कछुओं को बरामद किया। इन्हें जीआरपी ने वन विभाग को सौंप दिया। रविवार को जीआरपी के उपनिरीक्षक दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ट्रेनों की चेकिंग कर रही थी।

इसी बीच गोरखपुर से कोलकाता जा रही पूर्वांचल एक्सप्रेस ट्रेन की जनरल बोगी में तीन लावारिस बोरे मिले। यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी ने अपना नहीं बताया। टीम के सदस्यों ने बोरे खोलकर देखे, तो उसमें सुंदरी प्रजाति के 80 कछुए थे। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के दारोगा अखंड प्रताप सिंह को इन्हें सौंप दिया गया। उपनिरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए कछुओं की कीमत लगभग पांच लाख रुपये होगी। टीम में रोशन सिंह, शिवेंद्र यादव आदि लोग शामिल रहे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, मुआवजा के लिए फेफना-गड़वार मार्ग को किया जाम

**केटी न्यूज/बलिया**



जिले के गड़वार थाना क्षेत्र के फेफना-गड़वार मार्ग पर कनैला गांव के बिसुकिया मोड़ पर तेज रफ्तार बोलेरो के धक्के से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने किसी प्रकार से बोलेरो को पकड़ कर चालक को कब्जे में लिया। उसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझा कर मामला शांत कराया और जाम को खत्म कराया। जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के मनियर गांव निवासी अशोक गोंड़ का बेटा धीरज गोंड़ सोमवार को फेफना कुछ घरेलू कार्य हेतु गया था। वहां से वापस बाइक से घर लौट रहा था। अभी कनैला गांव के बिसुकिया मोड़ पर पहुंचा ही था कि विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने धक्का मार दिया। जिससे धीरज गंभीर रूप से घायल हो गया। जब लोग उसे बचाने के लिए अस्पताल ले जाते, तब तक धीरज की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। आसपास लोगों की भीड़ जुट गई। किसी तरह लोगों ने घटना के बाद भाग रहे बोलेरो को पकड़ लिया तथा पुलिस को सूचना दिया। घटना से आक्रोशित लोगों व परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर मुआवजा के लिए जाम लगाने का प्रयास किया। पुलिस ने किसी तरह समझा बुझा कर परिजनों को यथासंभव सरकारी लाभ दिलाने का आश्वासन दिया।

# नपा परिषद अध्यक्ष की पहल से बदल रही गाजीपुर की तस्वीर : अशोक

- नपा ने किया 27 लाख की लागत से बनी चार नयी सड़कों का लोकार्पण
- भाजपा जिला प्रभारी ने की नपा परिषद के कार्यों की सराहना

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



सड़क का लोकार्पण करते नेतागण व अधिकारी

नगर पालिका परिषद गाजीपुर ने एक बार फिर विकास को गति देते हुए एक साथ चार नयी सड़कों का लोकार्पण किया है। नगर में विकास का सिलसिला जारी है। इस बार रायगंज वार्ड में कुल 27 लाख की लागत से बनी चार सड़कों का लोकार्पण भाजपा के जिला प्रभारी अशोक मिश्रा एवं भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य एवं गाजीपुर लोकसभा के संयोजक कृष्ण बिहारी राय और नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया।

मौके पर भाजपा जिला प्रभारी अशोक मिश्रा ने कहा कि आज उन्हें लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य मिला। यहां की सड़कों व गलियों का जो निर्माण कार्य हुआ है, वह इतने सुन्दर ढंग से नाली पर ढक्कन लगाकर उसी ऊंचाई पर इण्टरलॉकिंग सड़क बनाकर सड़कों व गलियों को चौड़ा किया गया है। उन्होंने नपा अध्यक्ष सरिता अग्रवाल के गृहणी होने के बावजूद जिस तन्मयता से नगर का विकास, अच्छी सफाई, शुद्ध पेयजल, प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ किया है, वह सराहनीय है। उन्होंने पूर्व मंत्री मनोज सिन्हा के विकास कार्यों का पर्याय बनी भाजपा की सरिता अग्रवाल के विकास कार्यों की सराहना की।

### विकास के लिए समर्पित भाव से कर रहे हैं काम

कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि कोई भी राजनैतिक दल जनता का विश्वास प्राप्त करने के लिए अपने कार्यों से कोशिश करता है और वह कोशिश जनता की अपेक्षा पर वास्तव में खरा उतरती है। आज हमें खुशी है कि स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका निभाने वाले स्व. गजानन्द जी के परिवार का व्यक्ति हमारी पार्टी का समर्पित कार्यकर्ता है, जो जनता के दिलो में बसा है। नगर के विकास के लिए समर्पित भाव से काम कर रहे हैं। जिससे नगर का सर्वांगीण विकास हो रहा है। वहीं, नपा अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका नगर के विकास के लिए संकल्पित है और हम सब लगातार नगर के विकास का प्रयास कर रहे हैं।

### आम नागरिकों के आवागमन के लिए उपयोगी नई सड़कें

पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि कुल चार सड़कों क्रमशः संगतकला में बुल्लु सैनी के मकान से नूर मुहम्मद के मकान तक, इण्टरलाकिंग सड़क व ढक्कनयुक्त नाली लगभग 10 लाख, पवहारी टोला में सोनू गुप्ता के मकान से इमामुउद्दीन के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व ढक्कनयुक्त नाली लगभग सात लाख, नौरंगाबाद में लालचन्द रेवड़ी के मकान से बिरजू यादव के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क लगभग 4 लाख एवं संगतकला में सरस्वती बाल विद्या मन्दिर से हीरालाल गुप्ता के मकान तक ढक्कनयुक्त नाली व इण्टरलाकिंग सड़क लगभग 6 लाख की लागत से बनाया गया है। जो आम नागरिकों के आवागमन के लिए बहुत ही उपयोगी होगा।

## एक नजर

### नरहीं थाना क्षेत्र के नसीरपुर मठ गांव में कुएं में मिला गाजीपुर के युवक का शव, मची सनसनी



**बलिया।** जिले के नरहीं थाना क्षेत्र के नसीरपुर मठ गांव में एनएच 31 के समीप भैरव बाबा मंदिर के पास खाली मकान के चार दिवारी के अंदर सरकारी कुएं में शव होने की सूचना पर सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड के जवानों की मदद से शव को बाहर निकाला। शव को बाहर निकालने के बाद उसकी पहचान कराई गई, तो ग्रामीणों ने उसकी पहचान गाजीपुर जिले के करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चकिया निवासी जीतेन्द्र राजभर के रूप में हुई। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक का ननिहाल कोटवानारायणपुर निवासी बालकिशुन राजभर के यहां है। लोगों में अब यह बात चर्चा में है कि जीतेंद्र कुएं में कैसे गिर गया। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस मामले की जांच में जुट गई। बताया जाता है कि सोमवार की दोपहर में नसीरपुर मठ गांव में भैरव बाबा के मंदिर के पास आबादी वाले इलाके में एक चारदीवारी के अंदर कुएं से दुर्गंध आने पर ग्रामीणों ने कुएं के अंदर देखा, तो उन्हें उतराया हुआ शव दिखाई दिया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला, तो पाया गया कि शव पूरी तरह से सड़ गया था। वहीं, जानकारी मिलने के बाद सीओ सदर अशोक कुमार मिश्र भी मौके पर पहुंचे।

### शानदार प्रदर्शन कर रेवतीपुर की तीन खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश खो-खो टीम में बनाई जगह




**गाजीपुर।** 55वें राष्ट्रीय सीनियर नेशनल खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 24 नवंबर 2022 तक उस्मानाबाद महाराष्ट्र में खेला गया। जिसमें रेवतीपुर की तीन बच्चियों ने अपना स्थान उत्तर प्रदेश खो-खो टीम में सुरक्षित कर लिया है। इस प्रतियोगिता में महिला वर्ग में नैनिका राय, शिवानी राय, अंशु यादव ने प्रतिभाग किया। जिसमें शिवानी व नैनिका ने अपने कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन कर विशेष सराहना की पात्र बनी। राष्ट्रीय सीनियर नेशनल खो-खो प्रतियोगिता से वापस आने पर बीएसडी पब्लिक स्कूल रेवतीपुर के प्रबंधक बिपिन बिहारी राय, प्रधानाध्यापक पंकज राय, खेल प्रशिक्षक राधेश्याम यादव, लालबहादुर यादव, गोविंद राय, अंजय राय, मृत्युंजय राय, अमित कुमार, दीपक गुप्ता, गौरव यादव आदि लोगों ने सभी खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षक राधेश्याम यादव का स्वागत सम्मान किया गया।

### डिजिटल इंडिया के तहत संचालित योजनाएं की जानकारी लोगों तक पहुंचाया : डाक निरीक्षक



**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना बस स्टैंड स्थित मुख्य उप डाकघर प्रांगण में सोमवार को डाक निरीक्षक अभिताभ मोहन पांडेय ने लगभग 99 उप डाकघर में कार्य कर रहे कर्मचारियों के साथ बैठक की। जिसमें गोष्टी के माध्यम से डाकघर द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को भलीभांति परिपूर्ण करने के लिए विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान डाक निरीक्षक ने उपस्थित उप डाकघर के कर्मचारियों को बताया कि पोस्ट मास्टर जनरल, गोरखपुर के आने की सूचना है। जिसको लेकर सभी लोग अपने अपने कार्य क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा नए खाते खोलें। जिससे गांव में रहने वाले लोगों को डाकघर की योजनाओं के बारे में पता चल सके। उन्होंने यह भी बताया कि डाकघर में भी ऑनलाइन सुविधाएं जमा-निकासी के लिए ऑनलाइन सुविधा एवं प्रधानमंत्री द्वारा डिजिटल इंडिया के तहत विभिन्न योजनाएं जो संचालित हो रही हैं। उसके संबंध में लोगों तक जानकारी पहुंचाए। जिससे लोग डाकघरों में आकर विभिन्न नियमों को समझते हुए इस योजना का लाभ उठाएंगे। उन्होंने ग्रामीण डाक जीवन बीमा एवं डाक जीवन बीमा के व्यवसाय के बारे में भी समीक्षा कर लोगों को बताया। इस मौके पर उप डाकपाल अनिल कुमार मिश्रा समेत समस्त क्षेत्रों से आए डाकघर के कर्मचारी मौजूद रहे।

### अनियंत्रित पिकअप पेड़ से टकराई, चालक की मौत

**गाजीपुर।** जिले के करीमुद्दीनपुर थाने के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप पेड़ से टकराई। दुर्घटना में चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। उधर मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान भांवरकोल थाना क्षेत्र के कुंडेसर निवासी नंदकिशोर राम (22 वर्षीय) के रूप में किया गया। जो वाहन चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। रोज की तरह रविवार की रात भी कुंडेसर मंडी से बैगन और मिर्चा लादकर देवरिया सलेमपुर मंडी जा रहा था। इसी बीच रात करीब साढ़े तीन बजे तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर करीमुद्दीनपुर थाने से कुछ पहले सड़क किनारे स्थित पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में गंभीर रूप से घायल होने से चालक नदंकिशोर की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए दुर्घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग चीख-पुकार करने लगे। जानकारी होने पर पास-पड़ोस के लोग वहां पहुंच गए और बिलख रहे लोगों को सांत्वना देने में जुट गए। रोते-बिलखते परिजन थाना पहुंचे। मालूम हो कि मृतक के पिता भी चालक है। इस संबंध में करीमुद्दीनपुर थानाध्यक्ष विश्वनाथ यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।